# 65 लाख की कीमत के 305 मोबाईल पुलिस ने बरामद किये

**कोटा,** (निसं)। शहर के अलग-अलग थाना इलाकों की पुलिस टीम ने ऑपरेशन साईबर शील्ड अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए करीब 65 लाख की कीमत के 305 मोबाईल रिकवर किये। पुलिस ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बुलाकर गुम हुए मोबाईलों को मालिकों को वापस लौटाया, अपना गुमा या चोरी हुआ मोबाईल मिलने पर मोबाईल मालिक के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। मोबाईल मालिकों ने गुमा हुआ मोबाईल मिलने पर पुलिस का भी आभार जताया। साइबर सेल की टीम ने इन मोबाईलों को ट्रेस कर रिकवर किया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान के तहत विभिन्न थाना इलाको विगत वर्षो से कोचिंग छात्रों व आमजन से गुमशुदा हुए मोबाईल की रिकवरी के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में शहर के विभिन्न थानों में थानास्तर पर टीमें गठित कर रिकवरी के प्रयास किये। टीम ने साइबर सेल की टीम के साथ मिलकर राजस्थान व अन्य राज्यों में यूज किये जा रहे गुमशुदा मोबाईलों को ट्रैस कर टीम ने रिकवर किया। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने 65 लाख की कीमत के 305 मोबाईल बरामद किये। रिकवर किये गये मोबाईलों में कोचिंग स्टूडेन्टो के मोबाईल भी हैं।

# डोडा-चूरा सहित गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। बापचा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए षनिवार को एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 किलोग्राम से अधिक डोडा चूरा जब्त किया। वही, इसमें प्रयुक्त एक कार भी बरामद की गई। थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि नयागांव अमीनपुरा की पुलिया पर की जा रही नाकाबंदी के दौरान अमीनपुरा की तरफ से एक कार (सजुकी एसक्रोस) आई हुई दिखाई दी। जिसके चालक ने पुलिस को देख कार को एकदम से घुमाकर जाने का प्रयास किया जिसका पीछाकर पकड़ा।

# फैशन के जरिए गणतन्त्र दिवस के रंग

**कोटा,** (निसं)। गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर विज्ञान नगर स्थित कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी संस्था के विद्यार्थियों ईशिता मित्तल, नुरेन अंसारी, भावना शकयावर, मोहम्म्द रेहान, नूर उल कमर एवं रोशनी द्वारा तिरंगे के तीन रंगों से ड्रेसेस तैयार की गयी जिन्हे मॉडल्स ने पहन प्रस्तुत किया। तिरंगे के तीन रंगों के संयोजन से ज्वैलरी भी तैयार की। संस्था की निदेशक पूजा राजवंशी ने बताया की संस्था द्वारा सभी राष्ट्रीय दिवस पर विशेष आयोजन किया जाते रहे हैं, और साथ ही गणतन्त्र दिवस की सभी को बधाई दी।

## कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान

क्रमांक:-ननिको-द./उपायुक्त जोन द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/16134-135 दिनांक: 23.1.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राम प्रसाद राठौर पुत्र श्री बद्रीलाल राठौर निवासी आवास संख्या एम.एन.सी.पी. 73 महावीर नगर तृतीय कोटा दक्षिण द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या एम.एन.सी.पी. 73 महावीर नगर तृतीय कोटा क्षेत्रफल 42 वर्गमीटर का स्वामित्व स्वयं के पक्ष में नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। आवास संख्या एम.एन.सी.पी. 73 महावीर नगर तृतीय कोटा क्षेत्रफल 42 वर्गमीटर का लीज डीड आवंटन कार्यालय राजस्थान आवासन मंडल कोटा अनुज्ञा पत्र क्रमांक एफ 1(7) एच 5/905 दिनांक 26.03.1997 से श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री रामप्रसाद को जारी की गई है। श्रीमती प्रेमलता की मृत्यु दिनांक 23.01.2024 को हो जाने के उपरांत उनके जीवित विधिक वारिसान 1. श्री हेमन्त राठौर 2. श्री प्रकाश चन्द राठौर 3. श्रीमती हेमलता 4. श्रीमती प्रीति राठौर पिसरान स्व. श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री रामप्रसाद राठौर द्वारा उक्त भूखंड में निहित स्वयं के हिस्से का हक पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 16.09.2023 से आवेदक श्री रामप्रसाद राठौर पुत्र श्री बद्रीलाल राठौर के पक्ष में त्याग दिया है।

आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में मकान संख्या एम.एन.सी.पी. 73 महावीर नगर तृतीय कोटा आवासीय का जिसका क्षेत्रफल 42 वर्गमीटर के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त द्वितीय कक्ष में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

## कार्यालय नगर पालिका हिण्डोली जिला - बून्दी (राज0)

क्रमांक :- 689-91 दिनांक :- 01.01.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2024-25**

नगर पालिका हिण्डोली द्वारा उक्त कार्य हेतु नगर पालिका में पंजिकृत संवेदक एवं अन्य विभाग में AA,A श्रेणी के संवेदक से द्वी लिफाफा पद्वती/ई-निविदा पद्वती से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा डाउनलोड करने की तिथि दिनांक 23.1.2025 से निविदा अपलोड करने की दिनांक 23.1.2025 से 03.01.2024 प्रातः 09.00 बजे तक है एवं डी0डी0 जमा कराने की तिथि 04.02.2025 दोपहर 12 बजे तक संवेदक निविदा प्रपत्र एंव शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकेगी एवं प्राप्त कर सकेंगें।

| Sr.N. | UBN No. | निविदा लागत |
|---|---|---|
| 1 | DLB2425WSOB15463 | 12.50 lakh |
| 2 | DLB2425WSOB15464 | 12.50 lakh |

राज.संवाद/सी/24/10834 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

**जाहिर आम सूचना**

क्रमांक 4709 दिनांक - 23.1.25

आवास संख्या 5-जे-5 तलवण्डी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री ताराचन्द खाण्डेकर पुत्र श्री रामदयाल खाण्डेकर को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री ताराचन्द खाण्डेकर पुत्र श्री रामदयाल खाण्डेकर द्वारा दिनांक 27.03.1997 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर पुत्र श्री रामदयाल खाण्डेकर की मृत्यु दिनांक 20.04.2005 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती सावित्री खाण्डेकर की मृत्यु दिनांक 17.05.1998 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती अंजू वर्मा पत्नी श्री अचल कुमार पुत्री स्व. श्री ताराचन्द खाण्डेकर एवं श्रीमती अनिला पर्सोइया पत्नी श्री देव आनंद पर्सोईया पुत्री श्री ताराचन्द खाण्डेकर द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 03.07.2023 को श्री हिमांशु खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर एवं श्री सागर कांत खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर के पक्ष में संयुक्त रुप से किया गया। इसी प्रकार इनके वारिसानों में श्रीमती अन्नू खाण्डेकर पत्नी श्री कन्हैयालाल उच्चैनिया पुत्री श्री ताराचन्द खाण्डेकर द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 23.08.2023 को श्री हिमांशु खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर एवं श्री सागर कांत खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर के पक्ष में संयुक्त रुप से किया गया। श्री हिमांशु खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर एवं श्री सागर कांत खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5-जे-5 तलवण्डी कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्री हिमांशु खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर एवं श्री सागर कांत खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री हिमांशु खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर एवं श्री सागर कांत खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री हिमांशु खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर एवं श्री सागर कांत खाण्डेकर पुत्र श्री ताराचन्द खाण्डेकर के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा


# संगोष्ठी आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मंडल रेल चिकित्सालय कोटा में शुक्रवार को हार्ट वाईज संस्था के सहयोग से हृदय रोग पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. साकेत गोयल वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ ने संबोधित करते हुए हृदय रोग जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया की अगर आपको अच्छा स्वास्थ्य चाहिए तो अपने खान-पान और व्यायाम पर ध्यान देना पड़ेगा।
















# पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगंजमंडी,** (निसं)। भारतीय खान ब्यूरो अजमेर के तत्वाधान आयोजित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद में मंगलम सीमेंट लिमिटेड मोड़क द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के बच्चों ने बड़े ही उत्साह से हिस्सा लिया। इस अवसर पर विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मीणा एवं मंगलम सीमेंट के खान विभाग के प्रमुख बजरंग लाल द्वारा पुरस्कार वितरित किये गए।इस अवसर पर अथितियों द्वारा टी.बी. के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी गयी।

# तिरंगा साइकिल मार्च आज

**कोटा,** (निसं)। 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीदों को नमन करने हेतु एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए चम्बल फाउंडेशन के तत्वाधान में तिरंगा साईकिल मार्च आयोजन किया जाएगा। चम्बल फाउंडेशन के अध्यक्ष बृजेश शर्मा नीटू ने बताया कि साईकिल तिरंगा मार्च 26 जनवरी प्रात: 8 बजे तलवंडी स्थित जाट समाज छात्रावास से प्रारंभ होकर तलवंडी, केशवपुरा, बसंत विहार तीन बत्ती सर्किल से दादाबाड़ी छोटा चौराहा होते हुए दादाबाड़ी बड़े चौराहे से ज्योति मंदिर रोड़ से जवाहर नगर पेट्रोल पंप होते हुए तलवंडी डीएवी स्कूल के सामने से होते हुए पुन: जाट समाज पहुंचेगी। यहां पर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## खोया पाया

मनजीत सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह 1169 महावीर नगर प्रथम कोटा का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

## पश्चिम मध्य रेल

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे ने कोटा मंडल के विभिन्न गाड़ियों में पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। **कैटलाग सं.:** Lease-KTT-39, **अनुबंध का प्रकार:** Leasing of SLR, **अनुबंध की अवधि:**2 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि और समय:** 11.02.25 को 12.00 बजे, **केटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

